# उज्जैन बेगमबाग में 16 मकान जमींदोज

**उज्जैन, 25 मार्च. सिंहस्थ 2028 की तैयारियों के बीच शहर में बड़े स्तर पर बदलाव की तस्वीर दिखाई देने लगी है. जिस रास्ते पर रोज जाम लगता था वहां पर जेसीबी पोकलेन ने बड़ा अतिक्रमण हटाया. अब सिंहस्थ से पहले महाकाल मार्ग का विस्तार होगा.**



महाकाल मंदिर जाने वाले मार्ग को चौड़ा करने की योजना के तहत बेगमबाग इलाके में मंगलवार को उज्जैन विकास प्राधिकरण ने कार्रवाई करते हुए 11 प्लॉट पर बने 16 मकानों को गिरा दिया. मकान तोड़ने की कार्रवाई के दौरान संभाग आयुक्त और सिंहस्थ मेलाअधिकारी आशीष सिंह और उज्जैन कलेक्टर रोशन कुमार भी पहुंचे, जिन्होंने चर्चा में बताया कि मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की परिकल्पना अनुसार इस बार का सिंहस्थ सबसे बेहतर होगा यही कारण है कि चौड़ीकरण को गंभीरता पूर्वक किया जा रहा है. बेगमबाग क्षेत्र में कार्रवाई के दौरान पुलिस बल, नगर निगम और जिला प्रशासन की मौजूदगी में पूरा अभियान चलाया गया. सुबह 7 बजे से ही इलाके में बैरिकेडिंग कर दी गई और भारी सुरक्षा व्यवस्था के बीच जेसीबी और अन्य मशीनों से मकानों को हटाया गया.

सीएसपी राहुल देशमुख ने बताया कि बेगमबाग में जिन मकानों पर से स्टे समाप्त हो चुका था, उन पर कार्रवाई की जा रही है, एक-एक मकान पर दो से तीन जेसीबी और पोकलेन लगाई गई.

**लीज का उल्लंघन किया**

उज्जैन विकास प्राधिकरण के सीईओ संदीप सोनी ने बताया कि हरिफाटक आवासीय योजना के तहत लोगों को लीज दी गई थी, बावजूद कई मामलों में नियमों का उल्लंघन किया गया. जांच के बाद लगभग 45 पट्टे निरस्त किए गए. उसी प्रक्रिया के तहत मंगलवार को 11 प्लॉट पर बने 16 ढांचों को हटाया गया है. कार्रवाई के बाद जमीन को प्राधिकरण के कब्जे में लिया जा रहा है.

**सिक्सलेन ब्रिज और सड़क**

नवभारत से चर्चा में विकास प्राधिकरण के सीईओ संदीप सोनी ने बताया कि आने वाले समय में इसी मार्ग को सिक्स लेन सड़क और सिक्स लेन ब्रिज से जोड़ा जाएगा, ताकि सिंहस्थ में आने वाले करोड़ों श्रद्धालुओं को जाम और ट्रैफिक की समस्या से राहत मिल सके.

# डाकघर-पासपोर्ट दफ्तर को उड़ाने की धमकी

**दो घंटे चला सर्च ऑपरेशन**

**जबलपुर, 25 मार्च. सिविल लाइन इलाके में आज उस वक्त दहशत फैल गई, जब मुख्य डाकघर और पासपोर्ट कार्यालय को बम से उड़ाने का धमकी भरा ईमेल प्राप्त हुआ. इस ईमेल के बाद न केवल डाक विभाग बल्कि पुलिस महकमे में भी हड़कंप मच गया.**



जानकारी के अनुसार, आज सुबह करीब 11 बजे कार्यालय प्रभारी के सिस्टम पर एक अज्ञात मेल आया, जिसमें परिसर को बम से दहलाने की सीधी चेतावनी दी गई थी. प्रभारी ने बिना देरी किए इसकी सूचना तत्काल पुलिस कंट्रोल रूम को दी.

सूचना मिलते ही भारी पुलिस बल के साथ बम निरोधक दस्ता और डॉग स्क्वॉड की टीमें मौके पर पहुँच गईं. सुरक्षा की दृष्टि से पूरे परिसर को खाली करा लिया गया और आम लोगों की आवाजाही रोक दी गई. सर्च ऑपरेशन दोपहर 1 बजे शुरू हुआ, जो दोपहर 3:00 बजे तक लगातार चला.

टीम ने डाकघर के पार्सल रूम, फाइलों के रैक, कंप्यूटर लैब और पासपोर्ट कार्यालय के हर कोने की बारीकी से जांच की. दो घंटे तक चले इस सघन सर्च ऑपरेशन के बाद पुलिस को कोई भी संदिग्ध वस्तु या विस्फोटक बरामद नहीं हुआ.

**भिंड में पासपोर्ट ऑफिस को बम से उड़ाने की धमकी**

**भिंड.** भिंड में पासपोर्ट कार्यालय को बम से उड़ाने की धमकी मिलने से हड़कंप मच गया. कार्यालय के आधिकारिक मेल पर आए इस धमकी भरे संदेश के बाद पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और आसपास के क्षेत्र को खाली कराया गया. एहतियात के तौर पर पासपोर्ट ऑफिस के आसपास की दुकानों को भी बंद कराया गया और सुरक्षा बढ़ा दी गई. हालांकि शुरुआती जांच में किसी संदिग्ध वस्तु के मिलने की पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन पुलिस मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच में जुट गई है.

# पीएनबी लोन घोटाला : ईडी ने 4 करोड़ की संपत्ति अटैच की

- बैंक को 3.36 करोड़ का नुकसान
- मनी लॉन्ड्रिंग एंगल से जांच जारी

नव भारत न्यूज

**इंदौर, 25 मार्च. पंजाब नेशनल बैंक से करोड़ों के लोन में गड़बड़ी के मामले में प्रवर्तन निदेशालय ने बड़ी कार्रवाई करते हुए करीब 4 करोड़ रुपए कीमत की तीन अचल संपत्तियां अस्थायी रूप से अटैच कर दी हैं. यह कार्रवाई धार निवासी राम पाटीदार, संचालक एम/एस नर्मदा शीत गृह, के खिलाफ की गई है. अटैच की गई संपत्तियां धार और खरगोन जिलों में स्थित कृषि भूमि हैं.**

ईडी की अधिकृत जानकारी के अनुसार ईडी की इंदौर सब-जोनल ऑफिस द्वारा मनी लॉन्ड्रिंग निवारण अधिनियम (पीएमएलए) 2002 के तहत की गई इस कार्रवाई में सामने आया कि आरोपी ने बैंक से लिए गए लोन का दुरुपयोग किया. जांच एजेंसी के अनुसार, राम पाटीदार ने पंजाब नेशनल बैंक से कोल्ड स्टोरेज निर्माण के लिए 3.50 करोड़ रुपए का टर्म लोन लिया था.

# स्कॉटलैंड में भिंड के छात्र की मौत

## मां ने कहा- बेटा आत्महत्या नहीं कर सकता

**भिंड, 25 मार्च. यहां के एक किसान परिवार के बेटे की स्कॉटलैंड में मौत हो गई है. यूनिवर्सिटी ऑफ स्टर्लिंग में एमएससी ( फॉरेंसिक साइंस ) की वह पढ़ाई कर रहा था. मृतक की पहचान संस्कार श्रीवास्तव ( 21 ) के रूप में हुई है. स्कॉटलैंड में बताया गया है कि उसने सुसाइड किया है, लेकिन परिवार मानने को तैयार नहीं था.**



छात्र टॉप कर रहा था और पार्ट टाइम जॉब से लगभग एक लाख रुपए कमा रहा था. मौत से पहले आखिरी वीडियो कॉल छात्र ने अपनी मां को किया था. तब कहा था कि वह जल्द आएगा. पर मां को यह नहीं पता था कि वह कभी नहीं आएगा. मां का कहना है कि उसका बेटा आत्महत्या नहीं कर सकता. वहां उसकी हत्या की गई है. मूल रूप से भिंड के मौ कस्बा निवासी किसान कुलदीप श्रीवास्तव ने इकलौते बेटे संस्कार श्रीवास्तव के लिए लगभग 40 लाख रुपए कर्ज लिया था. कर्ज लेकर बेटे को पढ़ने विदेश भेजा था. उसकी मौत की खबर ने पूरे परिवार को तोड़ दिया है. मां-पिता की पथराई आंखें बेटे के पार्थिव शरीर का इंतजार कर रही हैं.

पिता कुलदीप ने ग्वालियर कलेक्टर रुचिका चौहान और भारत सरकार से गुहार लगाई है कि बेटे का शव जल्द से जल्द भारत लाया जाए.संस्कार का शव 27 मार्च को दिल्ली एयरपोर्ट पहुंच सकता है. परिजन की मांग है कि ग्वालियर के जेएएच में शव का पोस्टमार्टम कराया जाए ताकि मौत की असली वजह सामने आ सके.

## भतीजे ने चाचा को गोली मारकर की हत्या

**नरसिंहपुर.** नरसिंहपुर जिले के स्टेशन थाना क्षेत्र अंतर्गत डूंडी पिडरई गांव में बुधवार को भतीजे ने अपने सगे चाचा की सीने में गोली मारकर हत्या कर दी और मौके से फरार हो गया. प्राप्त जानकारी के अनुसार खेत में पानी जाने की बात को लेकर चाचा प्रेमनारायण पटैल और उनके भतीजे के बीच विवाद हो गया था. विवाद के बाद आरोपी भतीजा अपने घर चला गया और कुछ देर बाद बंदूक लेकर वापस लौटा. उस समय प्रेमनारायण पटैल खेत में हल चला रहे थे, तभी आरोपी ने उनके सीने में गोली मार दी, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई.

# पंजाब से आप विधायक पठानमाजरा ग्वालियर से हुए गिरफ्तार

**ग्वालियर, 25 मार्च. पंजाब से आम आदमी पार्टी के विधायक हरमीत पठानमाजरा को पटियाला पुलिस ने शिवपुरी में ग्वालियर बाइपास से गिरफ्तार किया है. गिरफ्तार आप विधायक 2 साल पुराने रेप के मामले में वांटेड थे.**



विधायक पठानमाजरा प्रकरण दर्ज होने के बाद पहले हरियाणा के करनाल में घेरे गए थे, लेकिन वह पुलिस कस्टडी से फरार हो गए. इसके बाद वह ऑस्ट्रेलिया चले गए थे. पुलिस ने उनका लुकआउट सर्कुलर जारी कर रखा था. पठानमाजरा 2022 में पटियाला की सनौर विधानसभा सीट से विधायक चुने गए हैं. विधायक हरमीत पठानमाजरा पर 1 सितंबर 2025 को पटियाला के सिविल लाइंस थाने में रेप, फ्रॉड और धमकाने के आरोप में एफआईआर दर्ज हुई थी. पीड़ित महिला ने इसकी शिकायत 14 अगस्त 2022 को दी थी.

## एक नजर में




### केंद्रीय मंत्री ने मुख्यमंत्री को दी जन्मदिन की बधाई

**ग्वालियर.** केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को उनके जन्मदिन पर शुभकामनाएँ प्रेषित की हैं.अपनी फेसबुक वॉल पर साझा किए गए संदेश में उन्होंने कहा 'मप्र के ऊर्जावान एवं लोकप्रिय मुख्यमंत्री मोहन यादव को जन्मदिन की हार्दिक एवं अनंत शुभकामनाएँ .प्रदेश के सर्वांगीण विकास हेतु आपका समर्पण और दृढ़ प्रतिबद्धता निरंतर जनमानुष को नई ऊर्जा प्रदान कर रही है. कामना है कि आप इसी संकल्प के साथ मध्यप्रदेश को नई ऊँचाइयों पर अग्रसर करते रहें. बाबा महाकाल से आपके उत्तम स्वास्थ्य, सुदीर्घ एवं यशस्वी जीवन की मंगलकामना करता हूँ.'




### प्रभारी मंत्री ने किये मां शारदा देवी के दर्शन

**मैहर.** मध्यप्रदेश शासन की पंचायत और ग्रामीण विकास राज्यमंत्री एवं मैहर जिले की प्रभारी मंत्री राधा सिंह ने मंगलवार को मैहर जिले के प्रवास के दौरान मां शारदा देवी के दर्शन कर पूजा अर्चना की. प्रभारी मंत्री राधा सिंह ने प्रदेशवासियों की खुशहाली और समृद्धि की कामना की. इसके बाद प्रभारी मंत्री ने मंदिर परिसर में चल रहे चैत्र नवरात्रि मेला में माता का दर्शन करने आये श्रद्धालुओं से भेंट मुलाकात कर सुरक्षा और सुविधाओं के लिए की गई व्यवस्थाओं की जानकारी ली तथा उन्हें प्रसाद वितरित किया. इस अवसर पर मैहर विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी सहित जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे.

### लॉजिस्टिक कंपनी से 90 लाख की ठगी

**इंदौर.** लसूड़िया थाना क्षेत्र में पुणे की एक लॉजिस्टिक कंपनी के साथ करीब 90 लाख रुपए की धोखाधड़ी का मामला सामने आया है. इंदौर पुलिस ने कंपनी के ही कर्मचारी और उसके सहयोगियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.




जानकारी के अनुसार, एमआरसी लॉजिस्टिक कंपनी के डायरेक्टर राजीव आर्य ने शिकायत दर्ज कराई थी, जिसमें इंदौर शाखा प्रमुख कुलदीप सिंह सहित विनय, काशीनाथ चौहान, सचिन सोनी, रेनू कुमारी और अमित शर्मा को आरोपी बनाया गया है. जांच में सामने आया है कि कुलदीप सिंह ने अपने पद का दुरुपयोग करते हुए फर्जी बिल तैयार किए और अन्य कंपनियों के नाम पर भुगतान दर्शाकर कंपनी के पैसे अपने परिचितों के खातों में ट्रांसफर कर दिए. पुलिस के अनुसार, आरोपी रेनू कुमारी, अमित शर्मा और सचिन सोनी अलग-अलग कंपनियों के नाम से जुड़े हुए हैं, जिनके माध्यम से इस धोखाधड़ी को अंजाम दिया गया. कंपनी का आरोप है कि वर्ष 2022 से 2025 के बीच 90 लाख रुपए से अधिक की हेराफेरी की गई. शिकायत के साथ कंपनी ने संबंधित दस्तावेज भी पुलिस को सौंपे हैं. लसूड़िया पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर लिया है. पुलिस का कहना है कि मामले में अन्य संदिग्धों से भी पूछताछ की जाएगी और साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी.

# सांवेर तहसील के आरआई और पटवारी निलंबित

- तहसीलदार को करें बताओ नोटिस

**इंदौर,25 मार्च. कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाइन के प्रकरण में लापरवाही करने पर आरआई और पटवारी को निलंबित कर दिया. साथ ही तहसीलदार को कारण बताओ जारी किया है.**

मामला कुछ यूं है कि सांवेर तहसील के ग्राम खाकरोड़ में सीमांकन का आवेदन लगाया गया था. आवेदनकर्ता ने अक्टूबर 2025 में आवेदन लगाया और उसका सीमांकन आरआई धर्मेंद्र गुप्ता और पटवारी दीपशिखा कैथवास ने सीमांकन नहीं किया. आवेदक ने सीएम हेल्पलाइन में शिकायत की और कलेक्टर वर्मा को मामले में शिकायत की. सीएम हेल्पलाइन को लेकर पटवारी कैथवास ने कहा कि सीएम हेल्पलाइन से कुछ नहीं होता है. इसके आरआई धर्मेंद्र गुप्ता और पटवारी दीपशिखा कैथवास ने धरमपुरी कार्यालय पर आवेदक बुलाकर बंद कमरे में धमकाने और शिकयत वापस लेने का दबाव बनाया. साथ ही अप्रत्यक्ष रूप से रिश्वत की मांग करने की शिकायत भी कलेक्टर शिवम वर्मा बताई. मामले के जानकारी मिलने पर कलेक्टर ने आरआई धर्मेंद्र गुप्ता और पटवारी दीपशिखा कैथवास को निलंबित करने के आदेश दिए.

# पूर्व मेयर और पुलिसकर्मी मामले में पेश रिपोर्ट

- हाईकोर्ट में आज फिर होगी सुनवाई

**जबलपुर, 25 मार्च. मप्र हाईकोर्ट में एसटीएफ ने बल्देवबाग चौराहे पर हेलमेट चेकिंग के दौरान पुलिस कर्मी से पूर्व महापौर प्रभात साहू की हुई कथित झड़प के मामले में सीलबंद लिफाफे में जांच रिपोर्ट पेश की है. एसटीएफ की ओर से डीएसपी संतोष कुमार तिवारी ने सबूत के रूप में पेन ड्राइव भी प्रस्तुत की है. चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा व जस्टिस विनय सराफ की युगलपीठ ने मामले की सुनवाई गुरूवार को सुनवाई नियत की है.**

उल्लेखनीय है कि जबलपुर के अधिवक्ता मोहित वर्मा ने याचिका दायर कर कहा है कि 18 सितंबर 2025 को बल्देवबाग चौराहे पर पुलिस हेलमेट चेकिंग कर रही थी. इसी दौरान बिना हेलमेट लगाए वहां से पूर्व महापौर प्रभात साहू निकले जिन्हें पुलिस वालों ने रोका. इसी बात पर पूर्व महापौर की पुलिस वालों से झड़प हुई. इस दौरान एक भाजपा विधायक भी अपने समर्थकों के साथ पहुंचे, जिससे वहां काफी हंगामा भी मचा था. याचिका में आरोप है कि चेकिंग करने वाले आरक्षक कृष्ण कुमार की न सिर्फ पिटाई हुई, बल्कि उसके खिलाफ एफआईआर भी दर्ज की गई. विवाद के तूल पकडने के बाद भी पूर्व महापौर के खिलाफ कोई कार्रवाई न होने पर यह याचिका दायर की गई.

**मतदाता सूची पर 28 तक दर्ज कर सकते है आपत्तियां**

एमपी स्टेट बार काउंसिल ने प्रारंभिक मतदाता सूची पर 28 मार्च तक आपत्तियां दर्ज कराने का समय दे दिया है. यह राहत वकीलों की मांग पर दी गई है. निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि कुछ अधिवक्ता जो दूरस्थ स्थानों में निवास करते हैं, उन्हें 16 मार्च को प्रकाशित प्रारंभिक मतदाता सूची के संबंध में समय पर जानकारी प्राप्त नहीं हो सकी. इस संबंध में विभिन्न अधिवक्ता संघों द्वारा आपत्तियां प्रस्तुत करने हेतु निर्धारित तिथि 24 मार्च को बढ़ाए जाने का अनुरोध किया गया था.

**रिजर्व फॉरेस्ट एरिया में अवैध गतिविधियों को चुनौती**

उमरिया जिले के नेशनल पार्क बांधवगढ़ में एक समाजसेवी समिति द्वारा अवैध गतिविधियां किये जाने का आरोप लगाते हुए मामले को हाईकोर्ट में चुनौती दी गई है. दायर मामले में कहा गया है कि रिजर्व फॉरेस्ट क्षेत्र में वन्य जीवों से संबंधित अन्य गतिविधियां संचालित किया जाना नियमों के खिलाफ है. चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा व जस्टिस विनय सराफ की युगलपीठ ने मामले की प्रारंभिक सुनवाई करते हुए अनावेदकों को नोटिस जारी कर जवाब पेश करने के निर्देश दिये है.

# तेंदुए के हमले से पांच ग्रामीण घायल

- बड़वानी के वरला क्षेत्र में तेंदुआ मृत मिला
- जंगल में मवेशी चराने गए ग्रामीणों पर हमला

**बड़वानी, 25 मार्च. जिले के वरला वन परिक्षेत्र अंतर्गत ग्राम जुनापानी और ग्राम पंचायत जामटी में बुधवार को तेंदुए के हमले से हड़कंप मच गया. तेंदुआ के अचानक हमले में पांच ग्रामीण गंभीर रूप से घायल हो गए, जिससे पूरे क्षेत्र में दहशत का माहौल बन गया.**



जानकारी के अनुसार, जुनापानी गांव के ग्रामीण रोज की तरह सुबह मवेशी और बकरियां चराने जंगल में गए थे. इसी दौरान घात लगाकर बैठे तेंदुए ने अचानक हमला कर दिया. हमले के बाद अफरा-तफरी मच गई और ग्रामीणों ने शोर मचाकर खुद को बचाने की कोशिश की, लेकिन तब तक तेंदुआ पांच लोगों को घायल कर चुका था. घटना की सूचना मिलते ही अन्य ग्रामीण मौके पर पहुंचे और घायलों को तत्काल उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया. सभी घायलों की हालत गंभीर बताई जा रही है. हमले के कुछ समय बाद तेंदुआ मृत अवस्था में मिला. आशंका जताई जा रही है कि ग्रामीणों ने आत्मरक्षा में उसे मार दिया. यह वरला क्षेत्र में तेंदुए की मौत का दूसरा मामला बताया जा रहा है, जिससे वन विभाग भी सतर्क हो गया है.

घटना के बाद वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी है. अधिकारियों ने ग्रामीणों से सतर्क रहने और जंगल क्षेत्रों में समूह में जाने की अपील की है, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं से बचा जा सके.

## पन्ना : तालाब में डूबकर दो बहनों की मौत

**पन्ना.** जिले से एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जहां सुनहरा गांव में तालाब में डूबने से दो सगी बहनों की मौत हो गई. मृत बच्चियों की पहचान 8 वर्षीय रागिनी और 6 वर्षीय आशिकी के रूप में हुई है.

जानकारी के अनुसार, दोनों बहनें अमानगंज के रामपुर गांव से अपनी नानी के घर आई थीं. बुधवार दोपहर वे अपनी सहेलियों के साथ गांव के पास स्थित तालाब किनारे खेलने गईं. खेलते-खेलते छोटी बहन का पैर फिसल गया और वह गहरे पानी में डूबने लगी. उसे बचाने के प्रयास में बड़ी बहन भी पानी में कूद गई, लेकिन दोनों की जान नहीं बच सकी.

# छिंदवाड़ा में सड़क दुघर्टनाओं में पांच लोगों की मौत

- स्कूटी टक्कर में दो युवकों में से एक युवक की मौत
- महाजन लॉन के सामने हुआ हादसा

**छिंदवाड़ा, 25 मार्च. कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत नागपुर मार्ग पर स्कूटी आनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई. टक्कर इतनी भीषण थी कि स्कूटी सवार दो युवकों में से एक युवक की घटना स्थल पर ही मौत हो गई वहीं दूसरा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया.**




गंभीर रूप से घायल युवक को तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे भी मृत घोषित कर दिया. मृतकों की पहचान परवेश उईके और रणजीत कवरेती के रूप में हुई है. पुलिस के अनुसार दोनों युवक कोलाढाना क्षेत्र के निवासी थे और किसी काम से नागपुर रोड की ओर जा रहे थे. इसी दौरान महाजन लॉन के सामने यह हादसा हो गया.

बताया गया है कि मृतकों में एक युवक मजदूरी करता था, जबकि दूसरा फिलहाल कोई काम नहीं करता था. घटना की सूचना मिलते ही कोतवाली थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी. हादसे के कारणों का पता लगाने के लिए आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं. थाना प्रभारी आशीष कुमार के अनुसार पूरे मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है.

**ट्रैक्टर - ट्राली से टकराई बाइक**

चौरई के ग्राम समसवाडा के पास सोमवार की रात सड़क हादसा हो गया जिसमें बाईक सवार युवक की मौत हो गई. दरअसल सीताझिर निवासी भानु विश्वकर्मा की बाइक सड़क किनारे खड़े ट्रैक्टर ट्राली में जा घुसी जिससे युवक की मौत हो गई. तत्पश्चात मर्ग कायम कर युवक का शव परीक्षण करवाया गया.

**दुर्घटना में दो लोगों की मौत**

चांद थाना क्षेत्र में दो अलग-अलग घटनाओं में दो लोगों की मौत हो गई. पहली घटना में बारई निवासी रामसिंग 45 वर्ष, पिता फुलसिंग इरपाची की मौत जहरीले पदार्थ के सेवन (पॉइजन) से हो गई. वहीं दूसरी घटना में सिरस निवासी चिरंजीत 53 वर्ष, पिता अमीर सिंह पटेल की सड़क दुर्घटना में जान चली गई. दोनों मामलों की सूचना मिलने पर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है. मृतकों के शवों का पोस्टमार्टम कराया गया है और आगे की कार्रवाई जारी है.

**नियुक्ति** युवा प्रवक्ता, रिसर्चर और स्पीकर तलाश रही पार्टी

# ग्वालियर से हुई कांग्रेस के नेशनल टैलेंट हंट की शुरुआत

**ग्वालियर, 25 मार्च. एमपी कांग्रेस के नेशनल टैलेंट हंट कार्यक्रम की ग्वालियर में शुरुआत हुई, ग्वालियर-चंबल संभाग के आठ जिलों से 150 से अधिक युवा प्रवक्ता, स्पीकर और रिसर्चर बनने के लिए पहुंचे. यह कार्यक्रम जिला कांग्रेस कार्यालय में आयोजित किया गया. इसके माध्यम से पार्टी प्रवक्ताओं के साथ-साथ रिसर्चर और स्पीकर की भी नियुक्ति कर रही है.**




पार्टी विशेष रूप से उन कंटेंट क्रिएटर्स और इन्फ्लुएंसर्स पर ध्यान केंद्रित कर रही है, जो सोशल मीडिया पर तथ्यों के साथ पार्टी का पक्ष रख सकें. कांग्रेस का लक्ष्य राज्य स्तर पर 20 प्रवक्ता और जिला-संभाग स्तर पर प्रभावी पैनलिस्ट तैयार करना है. कांग्रेस जिला अध्यक्ष सुरेंद्र यादव ने बताया कि पीसीसी चीफ जीतू पटवारी के निर्देशानुसार ग्वालियर कांग्रेस कार्यालय में प्रवक्ता, स्पीकर और रिसर्चर पदों के लिए इंटरव्यू आयोजित किए गए. इस चयन प्रक्रिया का उद्देश्य युवाओं में मौजूद प्रतिभा को अवसर देना है, चाहे वे कांग्रेस से जुड़े हों या आमजन.

इन इंटरव्यू के माध्यम से योग्य युवाओं का चयन कर उन्हें कांग्रेस प्रवक्ता की जिम्मेदारी सौंपी जाएगी. इंटरव्यू प्रक्रिया के लिए राष्ट्रीय प्रवक्ता अनील यादव, प्रदेश स्तर पर अपूर्व सक्सेना और ग्वालियर से राकेश अचल के मार्गदर्शन में पैनल गठित किया गया. प्रतिभाओं का मूल्यांकन करने के लिए 6-6 सदस्यों के समूह बनाए गए. कुल 12 पैनल बनाए गए, जिनमें से 6 पैनलों द्वारा इंटरव्यू प्रक्रिया पूरी हो चुकी है. इन सभी चयनित युवाओं को भोपाल भेजा जाएगा.